सुधा रगुनाथन
अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक गायन संगीत

SUDHA RAGUNATHAN
Akademi Award: Carnatic Vocal

तमिलनाडु के चेन्नई में 30 अप्रैल 1957 को जन्मी, श्रीमती सुधा रगुनाथन ने श्रीमती चूड़ामणि वेंकटरमन और श्री बी. वी. लक्ष्मण जैसे गुरुओं से कर्नाटक गायन संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। बाद में, आपने श्रीमती एम. एल. वसंतकुमारी के संरक्षण में अपनी कला को निखारा। आपका सम्बंध जीएनबी (जी एन बालासुब्रमण्यम) और एमएलवी (एम एल वसंतकुमारी) परम्पराओं से है।

आप चेन्नई (तमिलनाडु) स्थित सुधार्णव एकेडमी फॉर म्यूजिकल एक्सीलेंस की संस्थापक निदेशक हैं। आप संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कलाक्षेत्र फाउंडेशन, चेन्नई सहित विभिन्न प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़ी रही हैं। आपने देश–विदेश में आयोजित होने वाले सभी प्रमुख संगीत समारोहों मे अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और आपके गायन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं। आपने बहुत से छात्रों को संगीत सिखाया भी है।

कर्नाटक गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, आपको देश–विदेश के कई सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रदान की गई कलईमामणि (1994); श्रीकृष्ण गान सभा द्वारा प्रदान की गई संगीत चूड़ामणि (1997); भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया पद्म श्री (2004); मद्रास संगीत अकादमी द्वारा प्रदान किया गया संगीत कलानिधि (2014); और वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया पद्म भूषण प्रमुख हैं।

श्रीमती सुधा रगुनाथन को कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 30 April 1957 at Chennai in Tamil Nadu, Shrimati Sudha Raghunathan received her training in Carnatic vocal music from Shrimati Choodamani Venkataraman and Shri B.V. Lakshman. Later, she groomed her art under the tutelage of Shrimati M.L. Vasanthakumari. She belongs to the GNB (GN Balasubramaniam) and MLV (ML Vasanthakumari) traditions.

The Founder Director of Sudhaarnava Academy for Musical Excellence at Chennai (Tamil Nadu), she has been associated with various prestigious cultural institutions including the Ministry of Culture, Government of India; and the Kalakshetra Foundation, Chennai. She has performed in all major music festivals in India and abroad and has a large number of recordings to her credit. She has trained many students.

For her contribution in the field of Carnatic vocal music, she has been honoured with many prestigious titles and awards from cultural institutions in India and abroad. These include the Kalaimamani conferred by the Government of Tamil Nadu (1994); the Sangeetha Choodamani given by the Sri Krishna Gana Sabha (1997); the Padma Shri conferred by the Government of India (2004); the Sangita Kalanidhi bestowed by the Madras Music Academy (2014); and the Padma Bhushan conferred by the Government of India in 2015.

Shrimati Sudha Raghunathan receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Carnatic vocal music.